G/CMS-2025/176

APP-A
Crim-1

# FORM No. III

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत ......उपखण्ड अधिकारी...... मुकाम ......कोटा......

......राजेन्द्र धोबी...... बनाम ......सरकार......

किस्म मुकदमा ......136 LR Act...... नं. ......30...... सन् ......2025......

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 2/4/25 | राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अन्तर्गत प्रार्थना–पत्र प्रार्थी राजेन्द्र धोबी की ओर से बाद जांच रिपोर्ट पेश हुआ। जांच रिपोर्ट सरिस्ता अवलोकन की गई। प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी राजेन्द्र धोबी की ओर से प्रार्थना–पत्र पर बहस कर प्रार्थना–पत्र स्वीकार जाने का निवेदन किया गया। बहस प्रार्थना–पत्र सुनी गई। पत्रावली आदेश वास्ते दिनांक ......9/4/25...... को पेश हो। | |
| 9/4/25 | पत्रावली आदेश वास्ते पेश हुई। प्रार्थी राजेन्द्र धोबी की ओर से प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आराजी खाता संख्या नया 69 पुराना 64 की कृषि भूमि खसरा नं0 250 रकबा 0.25 है0, खसरा नं0 253 रकबा 0.25 है0, खसरा नं0 256 रकबा 0.19 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 0.69 है0 वाके ग्राम नांदना उर्फ बड़गांव पटवार हल्का नान्दना उर्फ बडगांव तहसील लाडपुरा कोटा में स्थित चली आ रही है जिसमें प्रार्थी का 1/24 हिस्सा निहित होकर राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में दर्ज चला आ रहा है। प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में राजू पुत्र गोपाल अंकित है जो कि प्रार्थी का बोलता नाम है। प्रार्थी के पहचान के दस्तावेजात पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक व अन्य सभी दस्तावेजात में प्रार्थी का नाम राजेन्द्र धोबी पुत्र गोपाल है और प्रार्थी के राजस्व रिकॉर्ड की जमाबंदी में प्रार्थी का नाम राजू पुत्र गोपाल अंकित है जबकि उक्त दोनो नाम प्रार्थी के ही है जिसमें से राजू पुत्र गोपाल प्रार्थी का बोलता नाम है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आराजी खाता संख्या नया 69 पुराना 64 की कृषि भूमि खसरा नं0 250 रकबा 0.25 है0, खसरा नं0 253 रकबा 0.25 है0, खसरा नं0 256 रकबा 0.19 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 0.69 है0 वाके ग्राम नांदना उर्फ बड़गांव पटवार हल्का नान्दना उर्फ बडगांव तहसील लाडपुरा कोटाकी जमाबंदी में प्रार्थी का नाम राजू पुत्र गोपाल के स्थान पर राजेन्द्र धोबी पुत्र गोपाल दर्ज किये जाने के आदेश फरमाये जाने की कृपा करे।<br><br>पत्रावली एवं संलग्न दस्तावेज आधार कार्ड, पहचान पत्र, बैंक पासबूक, जनआधार कार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्रार्थी राजेन्द्र धोबी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र में कथन किया है कि ग्राम नान्दना उर्फ बड़गांव के खाता संख्या 69 की जमाबन्दी में प्रार्थी का बोलता नाम राजू पुत्र गोपाल दर्ज हो गया है। प्रार्थी राजेन्द्र धोबी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रथम दृष्ट्या स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र धारा 136 भू राजस्व अधिनियम स्वीकार कर ग्राम नान्दना उर्फ बड़गांव तह0 लाडपुरा जिला कोटा के खाता संख्या 69 की जमाबन्दी में प्रार्थी का नाम राजू पुत्र गोपाल के स्थान पर राजू उर्फ राजेन्द्र धोबी पुत्र गोपाल दर्ज करने के आदेश दिए जाते है। निर्णय की प्रति पालनार्थ तहसीलदार लाडपुरा को प्रेषित की जावें।<br><br>उक्त निर्णय आज दिनांक ......9/4/25...... को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>कोटा | |